रामनिवास बाग में मृत कौवों के शव खा रहे हैं दूसरे पक्षी, संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ा

प्रदेश में बुधवार को 443 नये पक्षियों की मौत, अब तक 4390 की जान गई

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राज्य में एवियन इन्फ्लूएन्जा (बर्ड फ्लू) संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को प्रदेश में 443 नये पक्षियों की मौत हुई। अब तक 16 जिलों के 4390 पक्षियों की 'अकाल मृत्यु' हो चुकी है।

उधर प्रशासन ने राजधानी जयपुर के रामनिवास बाग में अल्बर्ट हॉल के सामने चबूतरे पर कबूतरों को दाना डालने पर पाबंदी लगा दी है। बुधवार को दिनभर यहां गार्ड तैनात रहे, लेकिन किसी की भी नजर यहां मृत पड़े कौवों और अन्य पक्षियों के शवों पर नहीं गई। इन पक्षियों की मौत संक्रमण से हुई है या सामान्य तरीके से, इसकी जांच किया जाना तो तब संभव होगा, जब पशुपालन विभाग इन शवों के सैंपल लेकर इनकी जांच करायेगा। जबकि यहां मृत पड़े कौवों के शव चील और अन्य कौवे नोंचते नजर आये। ऐसे में यह संक्रमण अन्य स्वस्थ पक्षियों में भी फैलने का खतरा बढ़ गया है। वहीं अल्बर्ट हॉल क सामने जो लोग अलसुबह दाना डाल गये थे, उन्हें चुगने के लिए पक्षियों का जमावड़ा लगा रहा। पशुपालन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को प्रदेश में 443 पक्षी मृत मिले हैं। इनमें 296 कौवे, 16 मोर, 34 कबूतर और 97 अन्य पक्षी शामिल थे। उधर भोपाल की रेफरल लैब से 62 और नमूनों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अफसरों की मानें तो गत 25 दिसंबर से लेकर अभी तक प्रदेश में कुल 4390 पक्षियों की मौत हुई है। इनमें सर्वाधिक 3196 कौवे हैं, जबकि 227 मोर, 276 कबूतर और 691 अन्य पक्षी मृत पाये गये हैं।

- **अल्बर्ट हॉल पर कबूतरों को दाना डालने पर पाबंदी लगी, लोगों को रोकने के लिए गार्ड तैनात किये**

रामनिवास बाग में रोजान मर रहे कौवों के शव अन्य कौवे व पक्षी नोंच रहे हैं। ऐसे में बर्ड फ्लू का संक्रमण अन्य पक्षियों में भी फैलने का खतरा बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर अल्बर्ट हॉल पर पक्षियों को दाना डालने से रोकने के लिए प्रशासन ने गार्ड तैनात किये, जबकि जो लोग अलसुबह ही यहां चबूतरे पर दाना डाल गये थे, उन्हें चुगते के लिए पक्षियों का जमावड़ा लगा रहा।

समय पालन में उत्तर-पश्चिम रेलवे का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

जयपुर, (कासं)। रेल मंत्रालय द्वारा सभी क्षेत्रीय रेलों के साथ 12 जनवरी को वीडियों कॉन्फ्रैसिंग के माध्यम से ऑन लाइन बैठक की गई। इसमें रेलमंत्रा पीयूष गोयल की अध्यक्षता में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्य तथा क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबन्धक व अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ले. शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक आनन्द प्रकाश ने इस बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे की उपलब्धियों व इस रेलवे पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर इस वित्त वर्ष में 5 जनवरी तक एक भी अनुवर्ती रेल दुर्घटना दर्ज नहीं की गई। यह उत्तर पश्चिम रेलवे की सुरक्षा के प्रति प्राथमिकता को दर्शाता है।

इस वित्त वर्ष में मानव सहित समपार फाटकों को हटाने का कार्य भी तीव्र गति से किया जा रहा है। दिसम्बर माह तक 57 आरयूबी, 5 आरओबी तथा 2 मार्ग परिवर्तन कर 64 समपार फाटकों को समाप्त कर दिया गया है। इससे समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओ के साथ-साथ सड़क उपयोगकर्त्ताओं के समय की भी बचत होगी। कोहरे में रेलगाड़ियों के सुरक्षित संचालन के लिए सभी फॉग सेफ्टी डिवाइस पूरी तरह से रूट मैपिंग के साथ अध्यतन किये गये है और कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डों में सभी ट्रेनों में उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।

मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के समयपालन में उत्तर पश्चिम रेलवे ने सम्पूर्ण भारतीय रेल पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अप्रैल से दिसम्बर 2020 की अवधि के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे पर ट्रेनों का समय पालन 98.50 प्रतिशत रहा जो गतवर्ष के 88.96 प्रतिशत की तुलना में 10.72 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन है।

- **दिसम्बर माह तक इस वित्त वर्ष में एक भी दुर्घटना नहीं**

दस्तावेजों का सत्यापन 15 तक

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के समस्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रथम प्रवेश सूची में स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों के संबंधित दस्तावेजों (डॉक्यूमेंट) की जांच 15 जनवरी तक की जाएगी।

न्यूनतम दर पर सौर ऊर्जा खरीद के लिए करार हुआ

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान सरकार ने बजट घोषणा में अपरम्परागत स्त्रोतों से प्रदेश में विद्युत उत्पादन बढ़ाने व किसानों को कृषि कार्य हेतु दिन में बिजली आपूर्ति करने हेतु घोषणा की थी। इसके लिए अपरम्परागत स्त्रोतों से बिजली उत्पादन बढाने व राज्य में इस क्षेत्र में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2019 में नई सौर एवं पवन ऊर्जा नीति जारी की थी।

ऊर्जा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को दिन के 2 ब्लाक में विद्युत उपलब्ध कराने के लिए बुधवार 13 जनवरी, को 1070 मेगावाट सौर ऊर्जा खरीद हेतु निविदा में आई न्यूनतम दर पर राजस्थान ऊर्जा विकास निगम द्वारा सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड के साथ करार किया है। यह सौर ऊर्जा आगामी 1.5 वर्ष (18 महीने) में राज्य को उपलब्ध हो जायेगी, जिसका सीधा फायदा किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने में होगा। डॉ. कल्ला ने बताया कि सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ने राजस्थान की तीनों विद्युत वितरण निगमों के लिए 1070 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादकों के चयन की प्रक्रिया जुलाई, 2020 में शुरू की थी। गत 23 नवंबर को 600 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए 2 रुपये प्रति यूनिट व 470 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए 2.01 रुपये प्रति यूनिट की दर आई, जो कि सबसे न्यूनतम है।

- **600 मेगावाट 2 रुपये व 470 मेगावाट 2.01 रुपये प्रति यूनिट कि दर से सौर ऊर्जा खरीदेगा राजस्थान ऊर्जा विकास निगम**

प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में चार दिन होगा

जयपुर (कासं)। प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में केवल चार दिन ही आयोजित किया जायेगा। शुरूआत में केवल मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पताल, उपजिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को ही सत्र स्थल के रूप में चयनित किया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को इन सबके बाद प्रस्तावित किया जाएगा।

चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि अगर किसी एक सैशन साईट पर सभी लाभार्थियों को वैक्सीन लगाने का कार्य पूरा हो जाए तो उसके बाद नया सत्र स्थल शुरू किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उन चिकित्सा संस्थानों को प्राथमिकता दी गई है जहां पर एईएफआई मैनेजमेन्ट सेन्टर है। किसी भी सत्र स्थल के लिए लाभार्थियो की मैपिंग, कोविन सॉफ्टवेयर में जिनका रजिस्ट्रेशन पहले हुआ है उसी क्रम में फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर ही की जायेगी। सचिव ने बताया कि सभी जिले 31 जनवरी तक की कार्ययोजना अभी से तैयार कर लें। कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में केवल चार दिन ही आयोजित किया जायेगा। जनवरी माह में इसके लिए 16, 18, 19, 22, 23, 25, 27, 29, 30 व 31 को सत्र आयोजित किये हैं। अगर किसी जिले में हेल्थ केयर वर्कर्स के टीकाकरण का कार्य 31 जनवरी से पहले पूर्ण हो रहा है तो तत्काल राज्य स्तर पर सूचित करें। प्रतिदिन सत्र समाप्ति के लिए निर्धारित समय शाम 5 बजे तक अगर बुलाये गये सभी लाभार्थियों को टीकाकरण नही हो पाता है तो वहां सभी के टीका लगाए जाने के बाद सत्र खत्म करें। जिलों को आवंटित वैक्सीन को यथासंभव वैक्सीन स्टोर पर ही भण्डारण किया जावे ताकि उनके संधारण व सुरक्षा में सुविधा रहे। जिला वैक्सीन स्टोर से अन्तिम कोल्ड चैन पॉईन्ट पर वैक्सीन की आपूर्ति सत्र आयोजन से 2 दिन पहले करें।

राजस्थान रोडवेज को 'ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर्स रोड सेफ्टी' अवार्ड से नवाजा जायेगा

देशभर में सबसे कम दुर्घटना के लिए वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए यह सम्मान दिया जायेगा

जयपुर (कासं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (राजस्थान रोडवेज) को वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिये अखिल भारतीय स्तर पर न्यूनतम दुर्घटना के लिये "ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर्स रोड सेफ्टी" अवार्ड दिया जायेगा।

सीएमडी राजेश्वर सिंह ने बताया कि राजस्थान रोडवेज को अखिल भारतीय स्तर पर राज्य परिवहनों में 4000 से 7500 बसों के बेड़े वाले ग्रुप में वर्ष 2019-20 व 2020-21 के राज्य परिवहन निगमों में "ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर्स रोड सेफ्टी" अवार्ड के लिये चुना गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान रोडवेज दुर्घटना से बचाव के लिये चालकों को अजमेर में स्थित ट्रेनिंग स्कूल में समय-समय पर प्रशिक्षण देने के साथ ही सर्दियों में कोहरे से बचाव व बरसात में जल भराव जैसे हालातों में सावधानी बरतने के लिये भी समझाइश की जाती है। ताकि दुर्घटनाओं के बचाव के साथ ही मानवीय क्षति से बचा जा सके।



रोडवेज सीएमडी राजेश्वर सिंह

गौरतलब है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में 18 जनवरी को एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अन्डटेकिंग की ओर से दिल्ली में आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री यह अवार्ड प्रदान करेंगे। राजस्थान रोडवेज को न्यूनतम दुर्घटना के लिये वर्ष 2009-10 से ही अवार्ड मिलता रहा है।

सतीश पूनिया और अर्जुनराम मेघवाल ने स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित राजस्थान के बीकाणा की धरती के समाजसेवी एवं राष्ट्रवादी विचार की मुखर आवाज स्वर्गीय मक्खन जोशी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता मित्रों को गंगाजल, तुलसी एवं कम्बल वितरित कर उनका सम्मान किया।

इस दौरान जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उप-महापौर पुनीत कर्णावट सहित पार्षद, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉ.पूनिया ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं की तरफ से अपने पुरखों की स्मृति में स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया, जिन्होंने कोरोनाकाल में भी मजबूती से जनसेवा के कार्य किये। 'स्वच्छता ही देशभक्ति है' और उस देशभक्ति को अगर प्रमाणिकता से कोई जीवंत रखता है तो वो सब हमारे स्वच्छता सिपाही हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने स्वर्गीय मक्खन जोशी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता मित्रों को गंगाजल, तुलसी व कम्बल वितरित किये।

भारत में सबसे महंगा पेट्रोल और डीजल राजस्थान में है : राजे

जयपुर। प्रत्येक राजस्थानी को यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत में सबसे महंगा पेट्रोल और डीजल राजस्थान में मिल रहा है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में हमने पेट्रोल-डीजल पर 4 प्रतिशत वेट कम करके करीब 2 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय भार वहन किया था, जिससे महंगे भावों पर लगाम लग सकी थी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को आमजन के दर्द को समझते हुए पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले वेट को कम करने जैसे उपायों पर विचार करना चाहिए ताकि प्रदेशवासियों को कोरोनाकाल में महंगाई की इस मार से थोड़ी राहत मिल सके।

बदमाशों ने कागज की गड्डी थमाकर गहने पार किये

जयपुर (कासं)। रामगंज इलाके में दो शातिर बदमाश कागज की गड्डी थमाकर एक महिला से सोने के गहने उतरवा कर फरार हो गये। पुलिस ने पीडिता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई संतोष कुमार ने बताया कि ठगी की वारदात जयसिंहपुरा खोर ब्रह्मपुरी निवासी 45 वर्षीय सुनीता देवी ने मामला दर्ज करवाया है कि वह दोपहर करीब ढाई बजे रामगंज बाजार गई थी। सुमेरकरणजी का खंदा रामगंज में उसके पास एक किशोर आया, जिसने पूछा कि अजमेर के लिए गाड़ी कहां से लगेगी। जब महिला ने बताया कि सिंधीकैम्प से गाड़ी लगेगी। इसी दौरान उसका साथी आ गया और उसने बताया कि उसके पास रुपए है। बातों में लगाकर एक टैक्सी रूकवाई और उसमें बैठने को कहा। मना करने पर पानी जैसा पदार्थ छिडककर विश्वास में लेकर उसे टैक्सी में बैठाकर सिंधीकैम्प तक छोडने की कहा। रास्ते में नोटों के दो पार्सल दिखाकर विश्वास में लेकर सोने का मंगलसूत्र, कानों के कुण्डल व अंगुठी उतरवा ली। नोटों के पार्सल उसे देकर संसार चंद्र रोड पर टैक्सी रूकवाकर उसे उतार दिया और वहां से चले गए। कागज की गड्डी थमाकर बदमाश सोने के गहने ठग ले गए।

- **पता पूछने के बहाने महिला को झांसे में लिया बदमाशों ने**

'किसानों के समर्थन में शिक्षक और विद्यार्थी शाहजहांपुर पहुंचे'

जयपुर। शिक्षा बचाओ आंदोलन के आव्हान पर बुधवार को राजस्थान विश्वविद्यालय व महाविद्यालय शिक्षक संघ (रूक्टा), राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) से जुड़े शिक्षक व एसएफआई से जुड़े विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में शहाजहांपुर बॉर्डर पहुंचकर किसान विरोधी कानूनों को निरस्त करने की मांग उठाई। साथ ही किसान आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया।

शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक एवं रूक्टा के प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ.रमेश बैरवा ने बताया कि केंद्र सरकार निरंकुश रवैया अपनाए हुए है तथा एक के बाद एक सभी लोक कल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को खत्मकर मनमाने तरीके से कॉरपोरेट पोषक नीतियां लागू करने पर आमादा है। हाल ही में बनाये किसान विरोधी कृषि कानून भी केंद्र सरकार का एक निरंकुश कदम है। इससे पहले पुरानी पेंशन व्यवस्था को बंद करके शिक्षक-कर्मचारी विरोधी नई पेंशन स्कीम लागू की गई। जन विरोधी नई शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा का निजीकरण और केंद्रीकरण तेज करने की योजना बनाई गई है। श्रमिक विरोधी कानून जबरन लागू किये जा रहे हैं। एक-एक करके सभी सार्वजनिक क्षेत्रों को कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा है।

नम्बर मिलाइए
9928038414
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सतीश पूनियां ने पूर्व महाराज गजसिंह को बधाई दी

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने फोन पर बात कर जोधपुर के पूर्व महाराज, पूर्व सांसद गजसिंह को जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए ईश्वर से उनकी दीर्घायु, उाम स्वास्थ्य की कामना की।

गुर्जर की थड़ी के पास चार मंजिला अवैध कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स सीज

जेडीए से बिना अनुमति लिये जीरो सैटबैक पर बनायी थी बिल्डिंग

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को गुर्जर की थड़ी के पास सुख विहार में बेसमेंट समेत चार मंजिला अवैध कमर्शियल बिल्डिंग को सीज किया। यह इमारत जेडीए की बिना परमिशन जीरो सैटबैक पर बनाई जा रही थी।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि गोपालपुरा बाईपास की मैन रोड पर गुर्जर की थड़ी के नजदीक प्लॉट नंबर-34 में यह अवैध कमर्शियल कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा था। भूखंड़ मालिक ने ना तो जेडीए से निर्माण स्वीकृति ली और ना ही सैटबैक छोड़ा। कई बार नोटिस देने के बावजूद भी प्लॉट मालिक ने निर्माण कार्य बंद नहीं किया। ऐसे में बुधवार को इस बिल्डिंग को सीज किया गया। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर बनीं दुकानों के शटरों पर ताला लगाकर और प्रवेश द्वार व सीढ़ियों में ईंटों की दीवार चुनवाकर रास्ता बंद कर दिया है। उन्होंने बताया कि खोनागोरियान में भी जेएनयू हॉस्पिटल के सामने करीब 6 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल किया। साथ ही पृथ्वीराज नगर व जोन-12 के सरनाडूंगर क्षेत्र में करीब 3500 वर्ग गज सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

रघुवीर सैनी ने बताया कि खोनागोरियान में जे.एन.यू. हॉस्पिटल के सामने करीब 6 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर सतार एनक्लेव के नाम से अवैध आवासीय कॉलोनी बसाने की कोशिश की जा रही थी। जेडीए से बिना नक्शा पास करवाये और बिना अनुमति लिये ही जमीन मालिक ने ग्रेवल रोड, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर लिये थे, बुधवार को इसे भी ध्वस्त कराया। साथ ही कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी काटने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जोन उपायुक्त-10 को लिखा गया है। जेडीए ने इस कॉलोनी में बने निर्माणों को ध्वस्त करने में जो भी खर्चा किया है, उसकी वसूली भी की जायेगी। साथ ही सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर अवैध कॉलोनी काटने वाली सोसायटियों पर कार्रवाई करने को कहा है।

रघुवीर सैनी के मुताबिक सरना डूंगर क्षेत्र में भी शर्मा सरिया फेक्ट्री के पास सरकारी तलाई की भूमि पर 800 वर्ग गज क्षेत्र में अवैध रूप फेक्ट्री बना ली गई थी, जिसे भी हटाया है। हाथोज में लालचन्दपुरा लिंक रोड पीथावास के खसरा नं. 54, 55, 56, 57, 58 में करीब 700 वर्ग गज मंदिर माफी की भूमि पर अतिक्रमण कर बेसमेन्ट खोदकर पिल्लर व बाउंड्रीवाल बनाने पर भी कार्रवाई की है। पृथ्वीराज नगर दक्षिण के राजेन्द्र प्रसाद नगर में सरकारी पार्क की जमीन पर करीब 2000 वर्ग गज क्षेत्र में पिछले 20 वर्षो से कब्जा कर बनाये गये 2 पक्के कमरे, पशुओं का बाडा, मलबा और पत्थर भी हटाये है। मुहाना मण्डी रोड पर निर्माणाधीन 200 फीट सेक्टर रोड में आ रहे 2 मकान, 1 दुकान व अन्य अवैध निर्माण-अतिक्रमणों को ध्वस्त कराया है। नारायण सागर विस्तार में 40 फीट रोड सीमा पर करीब 10 फीट रोड पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनायी गयी 4 बाउंड्रीवाल भी तोड़ी है।

- **कई बार नोटिस थमाने के बाद भी भूखंड मालिक ने निर्माण कार्य जारी रखा था**

जयपुर में थोड़ी गिरावट के साथ 72 नये संक्रमित मिले

जयपुर। राजधानी जयपुर में बुधवार को थोड़ी और गिरावट के बाद 72 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इस बीच जिले में आज भी लगातार तीसरे दिन इस वायरस से कोई मौत नहीं हुई है। उधर प्रदेश में बुधवार को 282 सेंटर्स पर कोविड वैक्सीनेशन का ड्राइ रन किया गया। जयपुर जिले में 13 स्थानों पर ड्राइ रन हुआ।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जयपुर जिले में जयपुर में एसएमएस अस्पताल, आरयूएचएस, यूपीएचसी आदर्श नगर, बीडीएम अस्पताल कोटपूतली, सीएचसी चौमूं, सीएचसी शाहपुरा, सीएचसी जमवारामगढ़, सीएचसी विराट नगर, सीएचसी बस्सी, सीएचसी सांभर, सीएचसी बिचून, सीएचसी फागी, सीएचसी चाकसूं में सुबह 9 से 12 बजे तक ड्राइ रन हुआ। आरयूएचएस अस्पताल में ड्राई रन के दौरान 16 जनवरी को बेनिफिशियरी को लगने वाले वैक्सीनेशन के तहत डेमो तैयार किया। इस बीच राजधानी जयपुर में 72 नए करोना संक्रमित मिले। इनमें सबसे ज्यादा 7 संक्रमित सोडाला में मिले हैं। इसके अलावा सी-स्कीम, झोटवाड़ा, मानसरोवर व प्रताप नगर में 5-5, वैशाली नगर में 4 संक्रमित मिले हैं।

खोया-पाया

मैं पीयूष शर्मा पुत्र श्री रतनलाल शर्मा, निवासी मंडाऊ, सांगानेर, जयपुर। मेरे नाम का एसबीआई चेक नम्बर 889016 एवं 500 रूपए का स्टाम्प पेपर नम्बर 4681, पाई पेपर सभी खाली एवं हस्ताक्षरयुक्त कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। मोबाईल 9772062111

प्लाट नं.21, जी-ब्लॉक सरस्वती नगर, मालवीय नगर, जयपुर का मुख्त्यारनामा आम दिनांक 13.04.1998 व विक्रय पत्र दिनांक 05.07.2004 गुम हो गया है। मिलने पर निम्न नम्बर पर सूचित करें। सुरेन्द्र सिंह शेखावत एडवोकेट - 9983155555

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नि का नाम भावना देवी DOB 14.07.1974 गलत दर्ज है इनका सही नाम भावना DOB 04.07.1974 W/o रिस. मेजर रविन्द्र सिंह HQ South Western

I have changed my Name from FURQAN BEG to FURQAN BAIG for all future purpose. Furqan Baig S/o. Irshad Beg R/o Plot- 8, Punjabi Colony, Near Chungi Naka, Delhi Bypass, Jaipur

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण रतनलाल शर्मा पुत्र रामसहाय शर्मा एवं श्रीमती विमला देवी पत्नी रतनलाल शर्मा, निवासी प्लाट नंबर 5, बजरंग वाटिका, गर्वरमेंट स्कूल के पास, मुण्डिया रामसर, झोटवाडा, जयपुर के पुत्र विजय कुमार शर्मा एवं पुत्रवधु निवासी श्रीमती सीमा शर्मा हाल निवासी मुम्बई ने गत काफी समय से मेरे अभिभाष्यगण को प्रताड़ित कर रखा है एवं कहने में नहीं हैं। जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने विजय कुमार शर्मा एवं सीमा शर्मा से अपने समस्त पारिवारिक संबंध समाप्त कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है कोई भी व्यक्ति इन दोनों से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन देन करता है तो उन समस्त बाबत स्वयं ही जिम्मेवार होगा

जयपुर (अनिल कुमार महरिया) एडवोकेट
दिनांक 12-1-21 मोबाईल नंबर 9351390532

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्या रेखा घीया पत्नि रिमांशु घीया निवासी 139/04, कमला नेहरू नगर, शांतिनगर जयपुर ने अनिल कुमार पुत्र गोपाल लाल निवासी बी-56, मान सागर वैशालीनगर, जयपुर से उनकी संपति प्लाट नंबर ए-4, जगन्नाथ रेजीडेन्सी, ब्लॉक-ए ग्राम रामसिंहपुरा उर्फ रामपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर को क्रय करने का इकरार किया है एवं उक्त स्वामी अनिल कुमार ने मेरी अभिभाष्य से अग्रिम राशि भी प्राप्त कर ली है। यदि उक्त संपति के बेचान के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार का उज्र व आपत्ति हो तो, मुझे अधिवक्ता से मय सबूत/दस्तावेजात के 7 दिवस के भीतर सम्पर्क करे, अन्यथा उसके पश्चात कोई भी उज्र व आपत्ति मान्य नहीं समझी जायेगी। अतः सूचित रहे। (अब्दुल सलीम खां) एडवोकेट
मोबाईल नंबर 9829098127

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व.श्री रामसिंह मेहरा निवासी मकान नम्बर 1836, मेहरो की नदी, चौकडी रामचन्द्र जी जयपुर की है, जिनका पुत्र चेतन सिंह मेहरा व उसकी पत्नी पूजा मेहरा उनेक कहने में नहीं है, मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है व उनसे समस्त संबंध समाप्त कर लिये है, भविष्य में पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा किये गये किसी भी संव्यवहार या वाद विवाद से मेरी अभिभाष्या व उसके परिवार का कोई लेना देना नहीं रहेगा।

जयपुर (सैयद आबिद अली) एडवोकेट
दिनांक मो.नं.-9024830221

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

क्रमांक: **आवश्यक सूचना** दिनांक:

हर आम एवं खास को इस पंजीकरण वर्ष 2006 में हित रखनें वाले व्यक्ति विशेष को सूचित किया जाता है कि मूल आवंटी श्री राजेश शर्मा ने राशि 60000/- रुपये जमा करवाकर उच्च आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया गया था। जिन्हे आवास संख्या 5/120 अरावली विहार, भिवाडी में आवंटन पत्रांक 1829 दिनांक 10.09.2010 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री दिनांक 20.12.2020 को उप पंजीयक भिवाडी में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री राजेश शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.05.2019 को हो चुकी है।

श्रीमती अरूणा शर्मा ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्री राजेश शर्मा की मृत्यु का प्रमाण पत्र एवं अन्य वारिसानों के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है, कि उनके पिता का स्वर्गवास दिनांक 02.05.2019 को हो जाने के कारण उपरोक्त मकान संख्या 5/120 अरावली विहार, भिवाडी जिला अलवर का प्रतिस्थापन हस्तांतरण उनके नाम किया जाये। अत: जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 5/120 अरावली विहार भिवाडी के संबन्ध में पिता, पुत्र, पुत्रियाँ, भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती अरूणा शर्मा पत्नी स्व. श्री राजेश शर्मा के पक्ष में उपरोक्त मकान संख्या 5/120 अरावली विहार, भिवाडी जिला अलवर के प्रतिस्थापन हस्तातरण की कार्यवाही की जावेगी।

आवासीय अभियन्ता राजस्थान,
आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी

न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट पूर्व जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर

(नोटिस आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी.)

वाद पत्र संख्याः- 84/2020

नागरिक सुरक्षा समिति बनाम **मैसर्स रिलायंस जियो**

आगामी पेशीः 30-1-2021

नोटिस

वादीगण नागरिक सुरक्षा विकास समिति वगैरह निवासीगण मालवीय नगर जयपुर मे मैसर्स रिलायंस एवं नगर निगम के विरूद्ध प्रतिनिधित्व वाद बाबत घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा का मय अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत की प्रकट किया है कि नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारी प्रतिवादी संख्या-1 व 2 के साथ साजिश के तहत एवं कानून के खिलाफ जे.डी.ए के शिव पार्क के सामने रोड पर वादीगण तथा आस पास के निवासियों तथा पार्क में स्थित शिव जी व झूलेलाल मन्दिर में आने वाले भक्तजनों के हितों व प्राप्त सुखाधिकारों के विपरीत कानून के खिलाफ मोबाईल टॉवर लगाने को प्रयासरत है। अतः इस सम्बन्ध में समस्त हितधारियों व आम जनता को सूचित किया जाता है कि अगर आपको कोई हित व सम्बन्ध इस विवाद में रखते हो तो आगामी तारीख पेशी 30-1-2021 को प्रातः 10.30बजे स्वयं या अपने प्लीडर जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निबटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 13-01-2021 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट
(मोहर) **पूर्व जयपुर महानगर प्रथम**

उद्घोषणा (इश्तिहार)
न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2219/2019
विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी-नाम श्रीमती मंजू शर्मा पत्नि रमेशचन्द शर्मा जाति ब्राह्मण
विवाद स्थान 73/73ए, परमहंस मार्ग, मानसरोवर मृतक अभिषेक शर्मा की सम्पत्ति के विषय में
पेशी दिनांक 30/01/2021

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अभिषेक शर्मा पुत्र रमेश चन्द शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी 73/73ए परमहंस मार्ग, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन, प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 30 माह 01 सन् 2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 08 माह 01 सन् 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया। प्रार्थीया ने मृतक अभिषेक शर्मा के प्रार्थना पत्र में वर्णित सभी चल सम्पत्तियों को बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
मोहर अदालत जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम